भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2073**

उत्तर देने की तारीख - 12.02.2026

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए रख-रखाव संबंधी अनुदान**

† 2073. श्री सुनील बोस:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्तमान तथा पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कर्नाटक के चामराजनगर ज़िले में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों को रख-रखाव संबंधी अनुदान आवंटित और जारी किया है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त अवधि के दौरान रख-रखाव मद के अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए स्वीकृत तथा उनके द्वारा उपयोग की गई अनुदान राशि का विशेष ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इन विद्यालयों को निर्धारित रख-रखाव संबंधी अनुदान के जारी करने में विलंब अथवा अनुदान जारी न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) इन संस्थानों के सुचारु संचालन एवं अवसंरचना का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु रख-रखाव संबंधी अनुदानों का समय पर एवं पूर्ण रूप से जारी किये जाने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (घ): ईएमआरएस की मौजूदा योजना के तहत, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक प्रति छात्र प्रति वर्ष 1,09,000 रुपये का आवर्ती अनुदान आवंटित किया है। चौथी तिमाही के लिए इसे बढ़ाकर प्रति छात्र प्रति वर्ष 1,40,059 रुपये तक बढ़ा दिया था। इसे बाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 से संशोधित करके प्रति छात्र प्रति वर्ष 1,47,062 रुपये कर दिया गया है, जिसमें रखरखाव का खर्च शामिल है और यह कर्नाटक के चामराजनगर जिले में स्थित ईएमआरएस पर भी लागू होता है। राज्य ईएमआरएस सोसाइटियों (समितियों) को उनके ईएमआरएस के सुचारू संचालन के लिए निधियां हर छह महीने अग्रिम रूप से जारी की जाती हैं।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इस संबंध में कर्नाटक राज्य को जारी की गई निधियों का ब्यौरा इस प्रकार हैः

| **वित्तीय वर्ष** | **लाख रुपये में** |
|---|---|
| 2022-23 | 1,768.84 |
| 2023-24 | 2,677.67 |
| 2024-25 | 7,933.24 |
| 2025-26 से 27.01.2026 तक | 3,926.78 |

*****